The Speaker appealed the Members to maintain proper decorum in the House

माननीय अध्यक्ष : प्रश्न काल, प्रश्न संख्या 201

श्री सी.पी. जोशी जी।

? (व्यवधान)

11.00 hrs

At this stage, Adv. A. M. Ariff, Shri T. N. Prathapan, Shrimati Kavitha Malothu and some other hon. Members came and stood on the floor near the Table.

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, मैं आपसे आग्रह करूंगा कि यह सदन चर्चा और संवाद के लिए है। हम यहां पर नीतियों की बात करें, पॉलिसी की बात करें, अच्छी चर्चा हो, जन कल्याण की चर्चा हो, यह सदन इसके लिए बना है।

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : मेरा आपसे आग्रह है कि अगर हम जनता का कल्याण करना चाहते हैं और इस सदन को लोकतंत्र का मंदिर मानते हैं तो मैं आपसे आग्रह करूंगा कि कम से कम सदन पर टिप्पणी न करें। यह आपका लोकतंत्र का मंदिर है और हम सबकी आस्था का केन्द्र है। आपको प्रयास करना चाहिए कि सदन के अंदर और सदन के बाहर कभी भी संसद के ऊपर टिप्पणी करना उचित नहीं है।

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: मैं माननीय सदस्यों से फिर से आग्रह कर रहा हूं, यह सदन चर्चा, नीतियों और पॉलिसी पर चर्चा के लिए है। आप नीतियों पर बात करें, पॉलिसी पर बात करें और मुद्दों पर बात करें। इस तरीके से तख्तियां लाना उचित नहीं है। मैं आपसे फिर आग्रह कर रहा हूं, चेतावनी दे रहा हूं, यह सदन तख्तियां लाने के लिए नहीं है, यह सदन मुद्दों पर चर्चा के लिए है।

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: आप सब अपनी-अपनी सीट्स पर जाइए। मैं आपको बोलने के लिए पर्याप्त समय और अवसर दूंगा। यह गलत तरीका है। मैं आपसे आग्रहपूर्वक कह रहा हूं कि सदन में कभी भी तख्तियां और नारेबाजी अलाऊ नहीं है।

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : श्री पीयूष गोयल जी।

? (व्यवधान)

वाणिज्य और उद्योग मंत्री; उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री तथा वस्त्र मंत्री (श्री पीयूष गोयल): अध्यक्ष जी, यह बहुत गंभीर विषय है। ? (व्यवधान) इनके ऊपर सख्त से सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। ? (व्यवधान) एक सदन का मेंबर विदेश में जाकर भारत के सदन का अपमान करता है और पार्लियामेंट का अपमान करता है। ? (व्यवधान) वह जब तक माफी नहीं मांगते तब तक इन सभी के ऊपर जिम्मेदारी आरोपित की जाए। अगर इनको कोई अपमान नहीं लगता है और ये इस प्रकार का व्यवहार करते हैं तो मेरा मानना है कि जो तख्तियां लाए हैं, उनको सस्पेंड किया जाए। ? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : यह सदन है। तख्तियां और नारेबाजी करने का अधिकार लोकतंत्र में सदन के बाहर है। भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। आप देश को क्या संदेश देना चाहते हैं? क्या यह आपके लिए उचित है और क्या मेंबर्स का यह कंडक्ट उचित है? प्लीज, माननीय सदस्यगण, आप सब अपनी-अपनी सीट्स पर जाकर बैठें।

? (व्यवधान)

____

माननीय अध्यक्ष : सदन की कार्यवाही दो बजे तक के लिए स्थगित की जाती है।

? (व्यवधान)

11.04 hrs

The Lok Sabha then adjourned till Fourteen of the Clock.

____

14.00 hrs

The Lok Sabha re-assembled at Fourteen of the Clock.

(Shri Bhartruhari Mahtab in the Chair)

? (व्यवधान)

14.0½ hrs

At this stage Shri S. Venkatesan, Shri Ravneet Singh, Shri B. Manickam Tagore and some other hon. Members came and stood on the floor near the Table.

? (व्यवधान)

14.02 hrs